नवभारत टाइम्स
सोमवार, 1 दिसंबर 2025

# छात्रों ने पेंटिंग से व्यक्त की भावनाएं



**स्कूल की फाउंडर कृष्णा पाठक की पुण्य स्मृति में हुई प्रतियोगिता**

■ **NBT रिपोर्ट, दिल्ली :** एमएम पब्लिक स्कूल पीतमपुरा में 26 नवबर को स्कूल की फाउंडर कृष्णा पाठक की पुण्य स्मृति में 21वें इंटर-स्कूल आर्ट एंड क्राफ्ट कॉम्पिटिशन का आयजन किया गया। इसमें दिल्ली के 136 स्कूलों के 5600 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में चीफ गेस्ट सुधीर खुराना (उपनिदेशक भारतीय पर्यावरण प्लास्टिक केंद्र), नेहा मौर्य (प्रबंधक, भारतीय केंद्र परियोजना -पर्यावरण प्लास्टिक), श्रद्धा भालेराव (परियोजना अधिकारी, भारतीय पर्यावरण प्लास्टिक) ने स्कूल की प्रिंसिपल रूमा पाठक और निदेशक सोमेश ऋषि पाठक के साथ प्रतियोगिता की शुरुआत की। छात्रों ने पेंटिंग, रंगोली, ग्राफ्टी, कोलॉज, स्लोगन, शिल्प कला, मुखौटे, सजावटी सामान आदि माध्यमों से अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। एमएम स्कूल में इस प्रतियोगिता का आयोजन पिछले 21 वर्षों से हो रहा है।